८. कदम मिलाकर चलना होगा

– अटलबिहारी वाजपेयी

बाधाएँ आती हैं आएँ,
घिरें प्रलय की घोर घटाएँ,
पाँवों के नीचे अंगारे,
सिर पर बरसें यदि ज्वालाएँ,
निज हाथों से, हँसते-हँसते,
आग लगाकर जलना होगा ।
कदम मिलाकर चलना होगा ।

हास्य-रुदन में, तूफानों में,
अमर असंख्यक बलिदानों में,
उद्यानों में, वीरानों में,
अपमानों में, सम्मानों में
उन्नत मस्तक, उभरा सीना,
पीड़ाओं में पलना होगा !
कदम मिलाकर चलना होगा ।

उजियारे में, अंधकार में,
कल कछार में, बीच धार में,
घोर घृणा में, पूत प्यार में,
क्षणिक जीत में, दीर्घ हार में,
जीवन के शत-शत आकर्षक,
अरमानों को दलना होगा ।
कदम मिलाकर चलना होगा ।

सम्मुख फैला अगर ध्येय पथ,
प्रगति चिरंतन कैसा इति अब ?
सुस्मित हर्षित कैसा श्रम श्लथ,
असफल, सफल, समान मनोरथ,
सब कुछ देकर कुछ न माँगते,
पावस बनकर ढलना होगा ।
कदम मिलाकर चलना होगा ।

—o—

परिचय

जन्म : १९२४, ग्वालियर (म.प्र.)
परिचय : भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी जी कवि, पत्रकार एवं प्रखर वक्ता हैं । आपकी रचनाएँ जिजीविषा, राष्ट्रप्रेम, एकता एवं ओज से परिपूर्ण हैं ।
प्रमुख कृतियाँ : 'मेरी इक्यावन कविताएँ' (कविता संग्रह), 'कुछ लेख : कुछ भाषण', 'बिंदु-बिंदु विचार', 'अमर बलिदान' (गद्य रचनाएँ) आदि ।

पद्य संबंधी

प्रस्तुत नवगीत में वाजपेयी जी का कहना है कि जीवन में चाहे सुख हों या दुख, परिस्थितियाँ अनुकूल हों या प्रतिकूल, हमें सदैव कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ना चाहिए ।

शब्द वाटिका

रुदन = विलाप, रुलाई
उन्नत = ऊँचा, श्रेष्ठ
कल = पार्श्व, बगल
कछार = नदी के किनारे की जमीन
क्षणिक = क्षण भर रहने वाला
अरमान = इच्छा, आकांक्षा
हर्षित = प्रसन्न
श्लथ = थका हुआ, श्रांत

*** सूचना के अनुसार कृतियाँ करो :–**

(१) निम्नलिखित पंक्तियों का अर्थ लिखो :

१. अरमानों को दलना होगा । → .....

२. पीड़ाओं में पलना होगा । → .....

I5FMRD

(२) आकृति में दिए शब्दों की उचित जोड़ियाँ मिलाओ और तालिका में लिखो :

प्रलय, असंख्यक,
उन्नत, क्षणिक,
बलिदान, मस्तक,
घोर घटा,
जीत

	अ	आ
१.	----------	----------
२.	----------	----------
३.	----------	----------
४.	----------	----------

(३) एक वाक्य में उत्तर लिखो :

१. आग की ज्वालाएँ कहाँ बरसेंगी ?

२. क्या बनकर ढलना होगा ?

भाषा बिंदु

(अ) पद्य पाठों में आई विरुद्धार्थी शब्द जोड़ियों की सूची बनाओ :

_____ × _____
_____ × _____
_____ × _____
_____ × _____

(आ) पाठ में प्रयुक्त अव्ययों को ढूँढ़कर उनके भेद लिखो ।

कल्पना पल्लवन

'पीड़ाओं में पलना होगा' इस पंक्ति से संबंधित अपने विचार लिखो ।

उपयोजित लेखन

शब्दों के आधार पर कहानी लिखो :

रोशनी, पलंग, पत्र, पहाड़ी

मैंने समझा

स्वयं अध्ययन

'रेड क्रॉस सोसायटी' के बारे में अंतरजाल से जानकारी पढ़कर लिखो ।